कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस - विज्ञप्ति

दिनांक- 06.09.2023

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर 02 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का ई-रिक्शा व ई-रिक्शा की 04 बैटरी बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान व पुलिस उपायुक्त काशी जोन कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व सहायक पुलिस कोतवाली के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 05.09.2023 को थाना कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 115/23 से संबंधित चोरी गये ई रिक्शा पंजीयन नम्बर UP 65 FT 2006 को एफआईआर पंजीकृत होने के मात्र 24 घण्टे के अंदर ही घटना का सफल अनावरण करते हुये चोरी गये ई रिक्शा को चोरी करने वाले 02 शातिर चोरों को ई रिक्शा की 04 अदद बैटरी के साथ डीएवी कालेज के पास पकड़ लिया गया जिनके निशानदेही पर चोरी गये ई रिक्शा को मछोदरी पार्क के पास कूढ़ा घर के पास से बरामद कर धारा 411 भादवि की वृद्धि कर अभियुक्तगण को समय 13.30 बजे गिरफ्तार किया गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध विधिक कार्यवाही किया जा रहा है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण- मु0अ0सं0 115/23 धारा 379, 411 IPC भादवि थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तार अपराधीगण का विवरण-

(1) विकास ठाकुर s/o गुलाब चौधरी R/O मोहल्ला दीनदयालपुर पंचक्रोशी चौकी पुराना पुल थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 22 वर्ष।

(2) आशीष कुमार यादव s/o स्व. फूलचन्द्र निवासी पंचक्रोशी रसूलगढ़ थाना सारनाथ वाराणसी उम्र 20 वर्ष

गिरफ्तारी स्थान व समयः- मछोदरी पार्क के पास कूढ़ाघर के पास से थाना कोतवाली दिनांक 06.09.2023 समय 13.30 बजे।

आपराधिक इतिहास- अभि0 विकास ठाकुर उपरोक्त व अभियुक्त आशीष कुमार यादव के विरुद्ध अन्य अपराध के बारे में जानकारी किया जा रहा है।

क्र0सं0	मु0अ0सं0	धारा	थाना	जनपद
1.	0094/16	109/41 सीआरपीसी	सारनाथ	वाराणसी
2.	115/23	379/411 भादवि	कोतवाली	वाराणसी

विवरण बरामदगी – ई रिक्शा पंजीयन नम्बर U.P. 65 FT 2006 व ई रिक्शा की 04 अदद बैट्री।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री सुरेश प्रताप सिंह, थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
2. हे0का0 वीरेन्द्र यादव, थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 विकेश कुमार, थाना कोतवाली, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त,

जोन काशी कमिश्नरेट वाराणसी।